# नर्सिंग कॉलेज में उत्साह से मनाया इंटरनेशनल नर्सेज डे

**झुंझुनूं** (निसं)। नोरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे (फ्लोरेंस नाइटिंगेल जयंती) गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग सेवा के महत्व, मानवता के प्रति समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नर्सिंग एंथम के साथ हुआ।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लेडी विद द लैंप के नाम से प्रसिद्ध फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सेवा, त्याग और समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। मरीजों की देखभाल, दवाइयों के प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल नर्सेज डे का उद्देश्य नर्सों के योगदान को सम्मान देना तथा समाज को उनके महत्व के प्रति जागरूक करना है। नर्सों के बिना स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी हैं। संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुनीता ढूकिया ने कहा कि कैंडल लाइट सेरेमनी, नर्सिंग प्रतिज्ञा एवं नर्सेज एंथम जैसे कार्यक्रम नर्सिंग मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आव्हान किया। प्राचार्य विवेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नर्सिंग डे एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो नर्सों की चुनौतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका को दर्शाती है। वर्ष 2026 की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य – सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं रखी गई है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को कैंडल जलाकर सेवा और समर्पण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने केक काटकर खुशियां साझा कीं तथा छात्र-छात्राओं को मिठाई वितरित की गई। समारोह में पूरे कॉलेज परिसर में सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश गूंजता रहा।

# घटिया जैकरा सड़क निर्माण को लेकर किसानों का प्रदर्शन

- 22 मई को नगर पालिका के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी
- करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप, किसानों ने की जांच की मांग

**राजलदेसर** मदन दाधीच राजलदेसर कस्बे में नगर पालिका की ओर से किसानों के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे जैकरा सड़क निर्माण कार्य को लेकर किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

किसानों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने एवं अधूरे निर्माण कार्य के आरोप लगाते हुए नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 22 मई को नगर पालिका कार्यालय के समक्ष बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से जैकरा रोड निर्माण के टेंडर जारी किए गए थे। किसानों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया तथा कई स्थानों पर केवल औपचारिकता निभाते हुए मिट्टी डालकर सड़क निर्माण दिखा दिया गया। वहीं कई हिस्सों में सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं।

किसानों ने बताया कि राजलदेसर नेशनल हाईवे-11 से सिकराली जाने वाले मार्ग पर केवल करीब 100 मीटर तक ही जैकरा रोड का निर्माण किया गया, जबकि भड़पालसर एवं बंडवा चौराहे से राजलदेसर की ओर जाने वाले मार्ग पर लगभग डेढ़ सौ मीटर तक बेहद पतली परत डालकर कार्य पूरा दिखा दिया गया। किसानों का आरोप है कि कई स्थानों पर मात्र दो से तीन इंच तक ही निर्माण सामग्री डाली गई तथा बीच के लंबे हिस्से को पूरी तरह छोड़ दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष भादर भामू ने किया।

उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा कई बार संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करवाया गया तो 22 मई को हजारों किसानों के साथ नगर पालिका कार्यालय के आगे ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

किसान नेता भामू ने राजस्थान सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए भेजी जा रही राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान देवकिशन सुथार, शंकर जाट, मूलाराम सुथार, भंवरलाल जाट, रुपाराम जाट, नेमीचंद जाट, हेमाराम मेघवाल, गोदाराम टाक, विनोद सुथार, बाबूलाल सुथार, लालचंद जाट, मामराज जाट, नथाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# खेतड़ी पुलिस की अवैध खनन पर कार्रवाई

**खेतड़ी** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने मंगलवार को अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। इस दौरान पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि पुलिस चौकी निजामपुर थाना खेतड़ी के सामने आम सड़क मेहाडा - खेतड़ी पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी ट्रेक्टर ट्रोली के बजरी से भरा हुआ आया, जिसके चालक को रोकने का ईशारा देकर रूकवाया। इस दौरान जब ड्राइवर से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम हेमराज पुत्र सुरजभान निवासी जमालपुर थाना मेहाड़ा होना बताया। ड्राइवर हेमराज को ट्रेक्टर ट्रोली मे भरी बजरी के संबंध में रॉयल्टी व अनुज्ञा पत्र के बारे में पुछताछ की तो कुछ नही होना बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इसके बावजूद भी अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लग पा रही है। अवैध खनन में लिप्त लोग आसपास के क्षेत्र के अलावा हरियाणा में बजरी सप्लाई कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश कुमार, पवन कुमार आदि शामिल थे।

# कारगिल के वीर जवान को बीडीके अस्पताल में मिला जीवनदायी सहारा

**झुंझुनूं** (निसं)। कारगिल युद्ध में देश की रक्षा कर वीरता का परिचय देने वाले सूरजगढ़ क्षेत्र के बलौदा गांव निवासी पूर्व सैनिक शंकर सिंह पुत्र समुन्दर सिंह की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से बीडीके अस्पताल झुंझुनूं लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत उपचार शुरू किया। बताया गया कि पूर्व सैनिक की हालत को देखते हुए पीएमओं डॉ. जितेंद्र भांबु ने पहले से ही मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा था। अस्पताल पहुंचते ही वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालौर ने मरीज की विस्तृत हिस्ट्री लेकर गहन परीक्षण किया तथा आवश्यक जांचों के लिए सैंपल भेजे गए। साथ ही तत्काल प्रभाव से उपचार प्रारंभ कर दिया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. सी.एल. गुर्जर ने भी मरीज की स्थिति की पूरी जानकारी ली और चिकित्सकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल बोर्ड का गठन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह बोर्ड पूर्व सैनिक को पेंशन, मानसिक विकलांगता प्रमाणन तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सूत्रों के अनुसार कारगिल युद्ध में देश की सेवा कर चुके इस वीर सैनिक की वर्तमान स्थिति को लेकर प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालौर एवं उनकी टीम लगातार मरीज की निगरानी कर उपचार में जुटी हुई है। वहीं पूर्व सैनिक के प्रति चिकित्सा विभाग की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई को लेकर क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

# समारोह में 100 से अधिक विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

- गुरुजनों, अभिभावकों व सामाजिक संगठनों से जुड़े 22 गणमान्य व्यक्तियों को भी किया सम्मानित श्रीराम विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर युवा विकास समिति के तत्वावधान में एवं मूलचंद दाऊलाल चौधरी बीकानेर भुजिया वाले के आर्थिक सहयोग से सोमवार को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, गुरुजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पुष्पा देवी चिड़ालिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरदीप सिंह तहसीलदार राजलदेसर, दाऊलाल चौधरी बीकानेर हुनतमल नाहर, गणेश रेवाड़िय, मदन बैद पूनमचंद गर्ग, हीरालाल सोना, मुकेश श्रीमाल (अध्यक्ष युवा विकास समिति) एवं रतनलाल बारूपाल (कौर कमेटी अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों का समिति की ओर से दुपट्टा एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के साथ हुआ, जिसमें मोनिका बैद, मधु श्रीमाल, राज बैद सहित महिलाओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। वहीं पंडित बृजेश दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों का तिलकार्जन किया गया। समारोह में श्रीराम विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं राजस्थानी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। वहीं राधिका सोनी ने भी राजस्थानी लोकगीत पर आकर्षक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। समिति अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने समिति की गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों की जानकारी देते हुए कहा कि समिति लगातार शिक्षा, युवा जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान की आंगनबाड़ी सेवाएं बनीं प्रेरणा का केंद्र

**पाटन,( निस )**। नीमकाथाना ब्लॉक के 223 आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत गोदभराई एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम छावनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-7 पर सीडीपीओ संजय चेतानी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुजरात से आए आयकर विभाग के अधिकारियों ईशान गोयल, विकास कुमार एवं मनुज अग्रवाल ने भाग लेकर आंगनबाड़ी सेवाओं का अवलोकन किया। गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रीति-रिवाजों से गोदभराई की गई तथा बालिका गार्गी का शाला पूर्व शिक्षा हेतु प्रवेशोत्सव मनाया गया।अतिथियों ने राजस्थान सरकार की उड़ान योजना, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना एवं ठोथ मॉनिटरिंग जैसी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र समुदाय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# ओलावृष्टि से तबाह फसलों पर सरकार हरकत में, नोहर क्षेत्र में होगा विशेष सर्वे,

**नोहर** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र नोहर में हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के मामले में अब सरकार गंभीर नजर आ रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन तक पूरा मामला पहुंच चुका है तथा प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए विशेष सर्वे कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दरअसल नोहर विधायक अमित चाचाण ने 3 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं, सरसों, चना और जौ की फसलों में हुए भारी नुकसान की जानकारी दी थी। विधायक ने अपने पत्र में बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और कई किसानों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का विशेष सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की थी। विधायक के पत्र के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग जयपुर को कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से भेजे गए पत्र में कहा गया कि प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर पोर्टल पर अपडेट किया जाए तथा की गई कार्रवाई से विधायक और मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत करवाया जाए। इसके बाद आपदा प्रबंधन विभाग जयपुर की ओर से जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ को निर्देश जारी किए गए। विभाग ने नोहर क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का विशेष सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिला कलेक्टर (सहायता) हनुमानगढ़ कार्यालय की ओर से भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आदेश में तहसीलदार नोहर को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार प्रभावित गांवों का सर्वे करवाने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस बार ओलावृष्टि ने उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई।

# विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

**रतनगढ़** (निसं)। आरयूआईडीपी द्वारा शहर में संचालित ड्रेनेज परियोजना के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 19 स्थित मकड़ीनाथ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को आरजीआई कंपनी के डीएम आर.टी.बी. राय एवं मकड़ीनाथ एजुकेशन ग्रुप के निदेशक हनुमान न्यौल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली के दौरान विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग बंद करो। नाली रहेगी साफ तो शहर रहेगा साफ तथा हम सबका एक नारा, साफ सुंदर शहर हमारा जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली वार्ड संख्या 19, 21 एवं 23 की गलियों से होकर पुनः स्कूल परिसर पहुंची। कार्यक्रम के बाद भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। रैली आयोजन में स्कूल के शिक्षक जगदीश, शिक्षिका बबीता एवं निकिता कंवर का विशेष सहयोग रहा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**संख्या 12 to 16-26-27**

पत्रांक: 580-W/TTR/M Line, L Line/BKN/2025 दिनांक: 08.05.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 27.05.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है :– **निविदा संख्या : 12 कार्य का नाम व स्थान :** रेवाड़ी–सादुलपुर एवं हिसार सादुलपुर (लूप लाईन) पर 66 सेट एसईजे का रिन्यूअल का शेष कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 1903096.42 **धरोहर राशि :** Rs. 38100.00 **निविदा संख्या :** 13 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में 24 माह के लिए विविध पीवे कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 30011357.37 **धरोहर राशि :** Rs. 600200.00 **निविदा संख्या :** 14 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में इंजीनियरिंग, एस एंड टी तथा ऑपरेटिंग स्टाफ के लिए नाल एवं गजनेर स्टेशनों पर 16 क्वार्टरों का निर्माण करना ( कुल 16 क्वार्टर)। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 71711638.48 **धरोहर राशि :** Rs. 1434200.00 **निविदा संख्या :** 15 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में इंजीनियरिंग, एस एंड टी तथा ऑपरेटिंग स्टाफ के लिए लूनकरनसर में 12 यूनिट टाईप– II क्वार्टरों का निर्माण करना तथा गाढ़वाला में पुराने क्षतिग्रस्त टाईप–I क्वार्टरों के स्थान पर 8 यूनिट टाईप–II क्वार्टरो का निर्माण करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 91681912.01 **धरोहर राशि :** Rs. 1833600.00 **निविदा संख्या :** 16 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में कोलायत – फलोदी में टीटीआर (FS+TWS+WCMSC) – 1 in 12 (7-Nos) & 1 in 8.5 (23-Nos) (लूपलाईन) का कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 12612853.28 **धरोहर राशि :** Rs. 252300.00 **नोट:**– अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **686-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# राम-नाम जप कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- राम-नाम के जप से शरीर और मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है- प्रहलाद महाराज

**चूरू** (निसं)। सुभाष चौक के पास कन्हैयालाल बागला मार्ग स्थित संगम मार्केट में मंगलवार को राम-नाम जप महायज्ञ आयोजन समिति चूरू की ओर से भव्य राम-नाम जप पाठ का आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रातः 5 बजे से 12:30 बजे तक राम-नाम जप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज राम कुटी वृंदावन के संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर संत प्रहलाद महाराज ने कहा कि राम नाम का निरंतर जप करने से मन शांत होता है। यह ध्यान का एक सरल रूप है जो अनचाहे विचारों को रोककर मानसिक स्पष्टता और एकाठाता बढ़ाने के काम आता है। मान्यता है कि राम शब्द की ध्वनि शरीर और मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है।

यह घबराहट, तनाव और अज्ञात भय को दूर करने में सहायक होता है। स्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि राम नाम का जप सभी बाधाओं को हरने वाला है। अध्यात्म में राम नाम को तारक मंत्र माना गया है। यह साधक के भीतर सात्विक गुणों का विकास करता है और अहंकार को कम कर भक्ति भाव को जगाता है। नियमित रूप से जप करने से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ता है। यह आत्म-अनुशासन सीखने और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की शक्ति प्रदान करता है, जैसे-दीपक के जलने से अंधेरा दूर हो जाता है, वैसे ही राम नाम के उच्चारण से मन के भीतर के नकारात्मक विचार, क्रोध और ईर्ष्या के भाव धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। समिति के पदाधिकारियों ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**सीकर** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य केंद्र, विद्यार्थी और शोधार्थी बॉयज हॉस्टल एवं छात्रसंघ कार्यालय का लोकार्पण किया। साथ ही निर्माणाधीन ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें छात्र संघ भवन का निर्माण कार्य 2.42 करोड़ रुपए, औषधालय भवन 2.06 करोड़ रुपए, शोध छात्रावास (एक बिस्तर) 3.01 करोड़ रुपए तथा स्नातकोत्तर छात्रावास (दो बिस्तर) 3.03 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कार्य शामिल हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत उपस्थित रहें।

इसके बाद राज्यपाल बागडे ने राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय से संबंधित निर्माणाधीन विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का निर्धारित शेड्यूल बनाकर नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, ताकि सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे हो सकें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शोध एवं नवाचार अपनाते हुए नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने के निर्देश दिए।

# बेटी के जन्मदिन पर विद्यालय को अलमारी भेंट

**रतनगढ़** (निसं)। हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी पुत्री नीतू दाधीच के जन्मदिन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पड़िहारा में एक अलमारी भेंट की तथा विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं बालिका शिक्षा पर जोर दिया। संस्था प्रधान मदनलाल कुल्हरि ने भामाशाहों के सहयोग की सराहना की। संचालन हिमांशु नाथोलिया ने किया।

# 5 हजार का ईनामी 'मिन्डा' दिल्ली से गिरफ्तार

**चिड़ावा** (निसं)। पुलिस थाना चिड़ावा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए के ईनामी एवं थाना स्तर के टॉप-टेन वांछित अपराधी सुनील सिंह उर्फ मिन्डा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से जमीन धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा था और दिल्ली में खानाबदोशों के बीच रहकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन एवं वृत्ताधिकारी चिड़ावा विकास धींधवाल के सुपरविजन में थाना प्रभारी अम्बिका चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनील सिंह उर्फ मिन्डा के खिलाफ माननीय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था।

आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 254/12 में धारा 420, 406, 467, 468, 471 एवं 120बी भादंसं के तहत जमीन धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। लगातार फरार रहने के कारण उसे थाना स्तर की टॉप-टेन वांछित अपराधियों की सूची में शामिल कर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम लगातार तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान थाना चिड़ावा के आसूचना अधिकारी कांस्टेबल अमित सिहाग को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 मई 2026 को दिल्ली के द्वारका से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।।अ कार्रवाई में आसूचना अधिकारी कांस्टेबल अमित सिहाग की विशेष भूमिका रही।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**संख्या 17 to 18-26-27**

पत्रांक: 128-W/WA/SDLP Depot/2026 दिनांक: 08.05.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 29.05.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है :– **निविदा संख्या : 17 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़–I के अधीन हनुमानगढ़ बैलास्ट डिपों में 65एमएम गेज की 74446 घनमीटर स्टोन बैलास्ट (मशीन द्वारा तोड़ी) की आपूर्ति करना तथा रेलवे वैगन/हॉपर्स में लोडिंग करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 153564975.42 **धरोहर राशि :** Rs. 3071300.00 **निविदा संख्या :** 18 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, सादुलपुर के अधीन सादुलपुर बैलास्ट डिपों में 65 एमएम गेज की 117793.00 घनमीटर स्टोन बैलास्ट (मशीन द्वारा तोड़ी) की आपूर्ति करना तथा रेलवे वैगन / हॉपर्स में लोडिंग करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 137020153.50 **धरोहर राशि :** Rs. 2740400.00 **नोट:**– अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **679-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**संख्या 19 to 24-26-27**

पत्रांक: 580-W/Rubberised/Road Surface/18LCs/BNW/2026 दिनांक: 08.05.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 30.05.2026 को 14.00 बजे तक खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है :– **निविदा संख्या : 19 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ – द्वितीय के नियंत्रण में वरि. मंडल इंजीनियर / उत्तर, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में ट्रॉली बेस्ड मेजरमेन्ट सिस्टम के द्वारा प्री एवं पोस्ट टेम्पिंग ट्रेक मेजरमेन्ट का सर्वे करना ( कुल 456.925 ट्रेक किमी.) । **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 14726545.31 **धरोहर राशि :** Rs. 294500.00 **निविदा संख्या :** 20 **कार्य का नाम व स्थान :** वरि. मंडल इंजीनियर / पश्चिम, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में ट्रॉली बेस्ड मेजरमेन्ट सिस्टम के द्वारा प्री एवं पोस्ट टेम्पिंग ट्रेक मेजरमेन्ट का सर्वे करना (कुल 444.130 ट्रेक किमी.)। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 14833879.83 **धरोहर राशि :** Rs. 296700.00 **निविदा संख्या :** 21 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के नियंत्रण में वरि. मंडल इंजीनियर / दक्षिण, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में ट्रॉली बेस्ड मेजरमेन्ट सिस्टम के द्वारा प्री एवं पोस्ट टेम्पिंग ट्रेक मेजरमेन्ट का सर्वे करना (कुल 594.200 ट्रेक किमी.)। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 19151083.82 **धरोहर राशि :** Rs. 383000.00 **निविदा संख्या :** 22 **कार्य का नाम व स्थान :** मंडल इंजीनियर / पूर्व, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में ट्रॉली बेस्ड मेजरमेन्ट सिस्टम के द्वारा प्री एवं पोस्ट टेम्पिंग ट्रेक मेजरमेन्ट का सर्वे करना (कुल 453.651 ट्रेक किमी.)। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 15151846.50 **धरोहर राशि :** Rs. 303000.00 **निविदा संख्या :** 23 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन रेवाड़ी –बठिण्डा खण्ड के किमी. 111 /600 से 112 / 800 तक वाईडनिं, पीचिंग एवं टॉ वॉल के द्वारा सेस में सुधार करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 24363996.56 **धरोहर राशि :** Rs. 487300.00 **निविदा संख्या :** 24 **कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन बीकानेर मंडल पर उच्च रोड़ ट्रेफिक वाले 18 समपारों पर रबराईज्ड रोड़ सरफेश के द्वारा रोड़ सरफेश में सुधार करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 19029820.71 **धरोहर राशि :** Rs. 380600.00 **नोट:**– अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **685-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# सूरजगढ़ के निशान का झुंझुनूं में हुआ भव्य स्वागत, फूलों की वर्षा से गूंजा माहौल

**झुंझुनूं** (निसं)। सूरजगढ़ से झुंझुनूं धाम के शिखर पर ध्वज स्थापित करने के लिए रवाना हुआ पावन निशान जैसे ही झुंझुनूं शहर की सीमा में पहुंचा, वैसे ही श्रद्धा और भक्ति का माहौल बन गया। जगह-जगह श्याम भक्तों ने निशान का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। अग्रवाल सर्किल पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उषा सैनी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निशान की अगवानी की तथा भोर की पहली जोत प्रज्वलित की। सूरजगढ़ से निशान लेकर पहुंचे श्याम भक्तों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिनेश सैनी, नीतू सैनी, ललिता सैनी, साहिल सैनी, खुशवंत, मुकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा, संजय किरोड़ीवाल, किशोरीलाल सिंगोदिया एवं संजय सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पक्षियों के लिए 25 स्थानों पर रखे पानी के गमले

**पाटन** (निसं)। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए कमला मोदी महाविद्यालय नीमकाथाना के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने जीव दया का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में पक्षियों के लिए 25 स्थानों पर मिट्टी के गमलों में पानी रखने की व्यवस्था की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार ने यह पहल की है। कार्यकर्ताओं द्वारा रोज सुबह-शाम इन गमलों में स्वच्छ पानी भरा जाएगा और समय-समय पर सफाई भी की जाएगी।

इस पहल से कॉलेज परिसर में आने वाले कबूतर, गौरैया, मैना, तोता जैसे सैकड़ों पक्षियों को राहत मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण और जीव सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर छात्र नेता बबलू कटारिया, चंदू वर्मा, सुप्रिया वर्मा, अंशिता शर्मा, मनीषा कुमारी, शिवानी महारानियां, हिमांशी योगी, खुशबू डाबी, अंजना कुमारी, मोना बानो सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से गमलों में पानी भरकर अभियान का शुभारंभ किया।

# मातृ दिवस पर बीडीके अस्पताल में 'बेटी जन्मोत्सव एवं माता सम्मान समारोह'

- 18 नवप्रसूता माताओं का हुआ सम्मान, नवजात बेटियों को भेंट किए बेबी किट और पौधे

**झुंझुनूं** ( निसं)। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मंगलवार को भगवान दास खेतान (बीडीके) अस्पताल की जनाना विंग में बेटी जन्मोत्सव एवं माता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नवजात बेटियों के जन्म की खुशियां मनाते हुए नवप्रसूता माताओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग, जिला वन अधिकारी काविया पीबी, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, एसडीएम कौशल्या विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर तथा अस्पताल पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने 18 नवप्रसूता माताओं को बेबी किट भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझडिया , डॉ. प्रियंका शेखसरिया , डॉ. संजय खीचड़, जीकोन प्रचार्य डॉ. आबिदा खान, एसीएफ हरिंदर भाकर, एपीआरओ विकास चाहर, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगीड़, प्यारेलाल ,सुरेश मील, सुभाष बाकरा, विनिता ,सुनील शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। अधिकारियों ने नवजात बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेटियों को समाज की शक्ति बताया। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से माताओं को पौधे भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चे की देखभाल करती है, उसी प्रकार वह पौधे का भी संरक्षण करेगी।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सम्मानित माताओं में तीन ऐसी महिलाएं भी शामिल थीं, जिनकी दूसरी संतान भी बेटी हुई है। जिला प्रशासन ने इन परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां परिवार और समाज दोनों का गौरव हैं तथा उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाना सकारात्मक सोच का प्रतीक है। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने कहा कि झुंझुनूं जिले में प्रत्येक बेटी के जन्म पर जिला प्रशासन की ओर से परिवारों को बधाई पत्र भेजने की परंपरा है, ताकि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सकारात्मक संदेश पहुंचे। उन्होंने कहा कि बेटियों के प्रति समाज की सोच में बदलाव लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले के लिंगानुपात में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं जिले का लिंगानुपात अब बढ़कर 943 तक पहुंच गया है, जो सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

कार्यक्रम के दौरान माताओं और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों ने इस खुशी के पल को वीडियो कॉल और सेल्फी के माध्यम से अपने रिश्तेदारों व परिचितों के साथ साझा किया।


संख्यांक-6

**न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर कैम्प कोर्ट झुन्झुनू**

**मनकोरी वगैरह बनाम मोहनी देवी वगैरह**

प्रेषितः-

मोहनी देवी पत्नी स्व. सुलतान, देवीलाल पुत्र स्व. सुलतान, विजय सिंह पुत्र स्व. भगवानाराम, ज्यानकी देवी पत्नी प्रहलाद सिंह, शीशराम, नरेन्द, शीशपाल पुत्रगण प्रहलाद सिंह जाति जाट निवासीगण सिरियासर कलां तहसील मण्डावा जिला झुन्झुनू, मु. बिमला पुत्री प्रहलाद सिंह पत्नी धर्मवीर जाति जाट निवासी कारी तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं, नरेन्द्र दत्तक पुत्र मुकन्दाराम जाति जाट निवासी सिरियासर कलां तहसील मण्डावा जिला झुन्झुनू, राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, झुन्झुनूं,

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में नकल संलग्न है की डिक्री की अपील अपीलांटस द्वारा उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली गई है। और इस अपील की सुनवाई के लिए समय 10 :00 बजे इस न्यायालय द्वारा तारीख 9.6.26 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वंय या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नही होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जायेगी।

यह आज तारीख 12.5.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

रीडर

भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी सीकर (कैम्प झुन्झुनूं)

मोहर अदालत